तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 दूसरे दिन भी जारी रहा संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल




श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# पांच साल से प्रधानपाठक नहीं, आश्रम में दो साल से अधीक्षिका नहीं, ज्वाइनिंग के बाद से दोनों गायब

## मामला पाली ब्लाक के चैतमा मिडिल स्कूल एवं साजाबहरी कन्या आश्रम का

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के ग्रामीण अंचलों में ज्वाईनिंग करने के बाद भी प्रधानपाठक और अधीक्षिका जैसे पद पर पदस्थ शिक्षक अपनी सेवाएं नहीं दे रहे हैं। ऐसा ही मामला पाली ब्लॉक के चैतमा ग्राम पंचायत का सामने आया है। जहां के पूर्व माध्यमिक शाला में पांच वर्ष पूर्व प्रधानपाठक के पद पर जिस शिक्षक की पदस्थापना की गई थी वह ज्वाईनिंग देने के बाद आज तक वापस नहीं आये। वहीं पूर्व माध्यमिक शाला बालक साजाबहरी में शिक्षिका की पदस्थापना हुई थी वह भी ज्वाईनिंग देने के बाद गायब हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चैतमा में संचालित पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक के पद पर पांच वर्ष पूर्व तारासिंह राज की पदस्थापना की गई थी। पदस्थापना आदेश के बाद तारासिंह राज ने अपने पद पर ज्वाईनिंग तो दे दी किंतु उसके बाद वह चले गए और आज तक वापस स्कूल नहीं पहुंचे हैं। बताया जाता है कि प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ किए गए तारासिंह राज स्याहीमुड़ी में हॉस्टल अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पूर्व माध्यमिक शाला बालक साजाबहरी में शिक्षिका के पद पर शशी कंवर की पदस्थापना की गई थी वह भी ज्वाईनिंग के बाद से स्कूल नहीं पहुंची है। जबकि 50 से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं और महज तीन शिक्षक पदस्थ हैं जिसमें एक शिक्षक 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं ऐसे में स्कूल की पढ़ाई व्यवस्था और अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बताया जाता है कि शशीकंवर अरदा में किसी आश्रम में अधीक्षिका के पद पर पदस्थ हैं। दोनों ही शिक्षकों के वापसी के लिए ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन को अवगत कराया लेकिन दोनों शिक्षकों की वापसी को लेकर कोई पहल नहीं हुई।




### जिला पंचायत अध्यक्ष को कराया अवगत

गर्मी के दिनों में गांव में लगाए गए सुशासन तिहार के शिविर के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह ग्राम चैतमा पहुंचे थे जहां ग्रामीणों ने चैतमा प्रधानपाठक और साजाबहरी बालक के शिक्षिका को लेकर अवगत कराया जिसपर जिपं अध्यक्ष पवन सिंह के द्वारा सहायक आयुक्त से तत्काल बातचीत की और दोनों को तत्काल उनके मूल पदस्थापना वाले स्कूलों में ज्वाईनिंग करने के आदेश देने को कहा किंतु आज तीन माह बाद भी दोनों स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### आज मनाई जाएगी राजीव गांधी की जयंती

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव एवं मनोज चौहान ने बताया कि टीपी नगर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न राजीव गांधी के प्रतिमा स्थल पर राजीव की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जावेगा। अध्यक्ष द्वय ने बताया कि 20 अगस्त को प्रातः 11 बजे जयंती कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, ब्लाक, मंडल, वार्ड, बूथ कांग्रेस कमेटी, इंटक, पार्षद, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी सहित कांग्रेस विभाग, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया गया है।

### वीर सावरकर भवन का होगा मरम्मत

**कोरबा।** आयुक्त श्री पाण्डेय कोसाबाड़ी जोन कार्यालय के आगे स्थित निगम के वीर सावरकर भवन पहुंचे, उन्होने भवन का निरीक्षण किया, वर्तमान में भवन बंद पड़ा हुआ है, उसमें आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य करना जरूरी है ताकि वह उपयोग लायक हो सके।

## कुसमुण्डा खदान से प्रभावित ग्राम पंचायत खोडरी का मामला

# बिना मुआवजा के अधिग्रहण, सड़क पर उतरीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुण्डा खदान से प्रभावित ग्राम खोडरी में बिना मुआवजा जमीन अधिग्रहण से आक्रोशित भूविस्थापित महिलाएं सड़क पर उतर आयीं। महिलाओं ने जमीन अधिग्रहण का विरोध किया और चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मुआवजा संबंधी प्रकरणों का निराकरण नहीं किया जाएगा वे अपनी पुस्तैनी जमीन नहीं छोड़ेंगी। कुसमुण्डा प्रबंधन अगर जबरन कब्जा करता है तो उसका विरोध किया जाएगा चाहे हमें अपनी जान ही क्यों न देनी पड़े।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत खोडरी में आदिवासी किसानों का गुस्सा चरम पर है। भूविस्थापित किसानों का आरोप है कि एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन बिना किसी मुआवजे के उनकी पुश्तैनी खेती की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहा है। ग्रामीणों के विरोध के बावजूद कंपनी प्रबंधन लगातार मशीनें और वाहन भेजकर खेतों पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन उनकी रोज़ी-रोटी का एकमात्र सहारा है। जब तक उचित मुआवजा और पुनर्वास नहीं मिलता, वे ⏭ शेष पेज 3 पर

### खास बात

- भूविस्थापित महिलाओं ने बिना मुआवजा पुस्तैनी जमीन नहीं छोड़ने की दी चेतावनी


हंगामा करती महिलाएं।

### त्रिपक्षीय बैठक की मांगों पर निर्णय नहीं तो होगा घेराव

एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम नरईबोध सहित अन्य गांवों के भूविस्थापितों ने गेवरा महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर पूर्व में आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता में लिए गए निर्णय पर अमल नहीं करने पर 24 अगस्त को एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की चेतावनी दी है। बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के पार्षद अमिला पटेल के नेतृत्व में भूविस्थापितों ने महाप्रबंधक को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि 15 अगस्त को गांव नरईबोध में ग्रामसभा का आयोजन किया गया था जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि अगर गेवरा प्रबंधन त्रिपक्षीय बैठक में दिए गए आश्वासनों को 24 अगस्त तक पूरा नहीं करता है तो कार्यालय का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा।

***कोरबा।** सड़क पर गिट्टी, रेत, ईंट आदि निर्माण सामग्री डम्प करने पर एमपी नगर मुख्य मार्ग पर स्थित गायत्री ट्रेडर्स पर निगम ने 2500 रूपये अर्थदण्ड लगाया, वहीं डॉ.हरीश नायक क्लीनिक के सामने गंदगी बिखरी होने एवं सार्वजनिक स्थान पर कचरा डालने पर 1000 रूपये का अर्थदण्ड निगम आयुक्त ने लगाया है। आयुक्त ने शहर के सार्वजनिक स्थानों में गंदगी करने व सड़क पर निर्माण सामग्री डम्प करने वालों पर कार्यवाही जारी रखने कहा है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444



## खबर संक्षेप

### गाज गिरने से दो महिलाओं की मौत, 4 झुलसे

**बिलासपुर।** खेत में काम करने के बाद तेज बारिश के साथ गाज गिरने से 2 महिलाओं की मौत हो गई है। वहीं 4 महिलाएं झुलस गए है। उन्हें इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, मंगलवार की शाम ग्राम कुंवापाली की महिलाएं खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। सभी महिलाएं बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गई। इसी दौरान तेज गड़गड़ाहट के बाद पेड़ में गाज गिरने से सभी महिलाएं गंभीर रूप से झूलस गई। बारिश बंद होने पर गांव के लोग उस ओर गए तब सभी महिलाएं झुलसे हुए कहर रही थी। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के द्वारा महिलाओं को इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद कुंवापाली निवासी सौम्या नेती पति सतेश्वर नेती 33 साल, सुरेखा नेती पति जीवराखन 45 साल को मृत घोषित कर दिया। वहीं दरस बाई कोर्राम पति अर्जून कोर्राम 45 साल, गीता बाई पति स्व. बुधराम गोंड़ 50 साल, कुंवरमति नेती पति स्व. झूल नेती 60 साल, पार्वती यादव पति रूप नारायण यादव का इलाज चल रहा है।

### दो बाइक में भिड़ंत एक की मौत, चक्काजाम

**बिलासपुर।** दो बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत होने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा मुआवजा राशि की मांग कर चक्काजाम कर दिया गया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, सरगवा निवासी बंशी मधुकर पिता रामखिलावन मधुकर 35 साल मंगलवार की शाम 7.30 बजे बाइक से जा रहे थे। परसदा बस स्टैण्ड के पास एक अन्य बाइक सवार ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बंशी की बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को लेकर मस्तूरी स्वास्थ केंद्र लेकर गई। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद बंशी मुधकर को मृत घोषित कर दिया है। इधर हाइसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा राशि की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। देर रात तक चक्काजाम चलता रहा है।

### चाकू लहराते 3 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कोतवाली पुलिस को सूचना मिली रिवरव्यू, शनिचरी रपटा, रविदास चौक में बदमाश चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे है। पुलिस ने तीनों जगहों में दबिश देकर कमलेश साहू पिता अंजोरी राम साहू 28 साल टिपरीपारा सीपत, दुर्गेश उर्फ प्रिंस यादव पिता स्व. छब्बीलाल यादव 27 साल एसबीआई कालेज कुदूदण्ड, सत्यराज बक्सरे पिता गोविंद बक्सरे 28 साल रविदास चौक करबला निवासी को पकड़कर तीन नग चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### शादी करने से इनकार छात्र गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार कर गर्भपात कराने के बाद शादी करने से इनकार करने वाले छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, दूसरे जिले में रहने वाली एक युवती पोस्टमास्टर है। जशपुर कांसाबेल नारायणबल्ली निवासी मनीष कुमार साहू उर्फ सूरज पिता मानेश्वर साहू 23 साल का पोस्टआफिस आना जाना था। जिससे दोनों के बीच जान पहचान हो गई। मनीष कुमार साहू उर्फ सूरज सरकण्डा अशोकनगर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। उसने युवती घूमाने के लिए सरकण्डा किराए के मकान में लेकर आया और शादी कर झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद समय समय पर युवती को अपने किराए के मकान में लाकर शारीरिक संबंध लगा। इसी बीच युवती गर्भवती हो गई। जानकारी होने पर युवक ने अपने किराए के मकान में गोली खिलाकर गर्भपात कराया। उसके बाद शादी करने के इनकार कर दिया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धारा 376 के तहत मीनष कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

### चेन्नई में पढ़ाई के दौरान दोस्ती अनाचार के बाद शादी से इनकार

**बिलासपुर।** चेन्नई में पढ़ाई के दौरान शहर की एक छात्रा की एक छात्र से दोस्ती हो गई। शादी करने का झांस देकर छात्रा से अनाचार करता रहा। उसके बाद उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया, वर्ष 2024 में शहर की एक छात्रा चेन्नई में बीटेक की पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान उनके साथ पढ़ाई करने वाले वाराणसी निवासी अश्वीन प्रभाकर से दोस्ती हो गई। छात्रा अपने घर आई तो अश्वीन शहर आया और छात्रा को सीएमडी चौक स्थित होटल में मिलने के लिए बुलाया। होटल के रूम में युवक ने शादी करने का झांसा देकर छात्रा से शारारिक संबंध बनाया।

---

**खंगाले गए जमीन के दस्तावेज** | उच्च स्तरीय कार्रवाई के लिए भेजी गई जांच रिपोर्ट

# महर्षि विवि द्वारा की गई जमीन की बिक्री, शिकायत की जांच करने रायपुर से पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विश्वविद्यालय की स्थापना के नाम पर महर्षि विश्वविद्यालय द्वारा शासन से प्राप्त भूमि की बिक्री करने संबंधी शिकायत की जांच करने रायपुर से टीम पहुंची। इस दौरान तहसीलदार तखतपुर की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाली सभी जमीनों के दस्तावेजों की जांच की गई। तीन सदस्यीय जांच दल के द्वारा जांच रिपोर्ट तैयार कर अगली कार्यवाही के लिए शासन को प्रस्तुत कर दी गई है।

महर्षि विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के नाम पर प्राप्त की गई जमीन की बिक्री करने संबंधी शिकायत की जांच करने रायपुर से टीम



आई थी। तीन सदस्यीय जांच टीम में निजी विश्वविद्यालय आयोग के सदस्य डा. दुबे, उच्चशिक्षा विभाग के रिटायर्ड एडिशनल डायरेक्टर व प्राचार्य डा. बीएल गोयल एवं तखतपुर तहसीलदार पंकज सिंह शामिल थे। टीम द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन की मंगला व बहतराई स्थित जमीनों के दस्तावेजों की जांच की गई।

सूत्रों के अनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय की कुछ जमीन की बिक्री करना पाया गया है। इस संबंध में डा. बीएल गोयल ने बताया कि मामले की जांच के अंतर्गत विश्वविद्यालय की सभी जमीनों के रिकार्डों की जांच राजस्व विभाग द्वारा की गई है। इसके अंतर्गत अगली कार्यवाही के लिए विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को रिपोर्ट सौंप दी गई है।

#### यह है पूरा मामला

यूनिवर्सिटी प्रशासन के विरूद्ध राजस्व मंत्री एवं मंत्रालय में की गई विभिन्न शिकायतों में मुख्य शिकायत जमीन की बिक्री थी। शिकायत में कहा गया है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा शासन से यूनिवर्सिटी की स्थापना करने के नाम पर जमीन प्राप्त की गई और उसकी बिक्री भी कर दी गई। इस संबंध में यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि जमीन की बिक्री की गई है, लेकिन यह किसी भी तरह की शासन द्वारा दी गई जमीन न होकर, राजस्व रिकार्ड में दर्ज निजी जमीन है। यूनिवर्सिटी एक्ट के नियमों के अनुसार यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए 25 एकड़ भूमि की उपलब्धता अनिवार्य है, जबकि महर्षि यूनिवर्सिटी प्रशासन के पास 31 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जिससे स्पष्ट है कि यूनिवर्सिटी एक्ट के नियमों में कोई भी उल्लंघन नहीं हुआ है।

#### रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई

महर्षि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नियम विरूद्ध विश्वविद्यालय की जमीन बिक्री करने संबंधी शिकायत तीन-चार महीने पहले राजस्व मंत्री से की गई थी। इस संबंध में जांच के लिए दो सदस्य रायपुर से आए थे। चूंकि शिकायत जमीन से संबंधित थी इसलिए जमीन से जुड़े दस्तावेजों की जांच के लिए मुझे भी टीम में शामिल किया गया था। विश्वविद्यालय की सभी जमीनों के दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है।

**-पंकज सिंह**, तहसीलदार तखतपुर

---

शेयर मार्केट के नाम पर 3 करोड़ 22 लाख की ठगी

# निवेश के नाम पर ठगी, पुलिस बनी तमाशबीन, लालच में फंस रहें हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शेयर मार्केट के नाम पर 3 करोड़ 22 लाख की ठगी कर ली गई। तारबहार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, लिंगियाडीह दिव्य माउंट अपार्टमेंट निवासी संजय डे ने रिपोर्ट लिखाई है कि उनकी पहचान 2022 में कवर्धा राजमहल चौक मठपारा निवासी धर्मेश कुमार ध्रुर्वे, यतींद्र ध्रर्वे, हर्षिता शर्मा से हुई थी। धर्मेश अपने साथियों को लेकर शहर आया। बताया गया कि डीवाईपी धुर्वे ब्रदर्स के नाम से कंपनी चला रहे है। इसमें निवेश करने वालों हर महीने 10 प्रतिशत लाभ, 13 महीने के बाद मूल रकम वापस कर दी जाती है। उसके भरोसे में आकर संजय डे और उसके साथियों ने नकद व आनलाइन के माध्यम से रुपए निवेश कर दिया। कंपनी का आफिस लिंक रोड नारायण प्लाजा में खोला गया था। रुपए निवेश करने के बाद जब मासिक लाभ मांगे गए तो गोलमोल जवाब दिया गया। निवेशकों ने दबाव बनाया तो कहा गया उनकी रकम को कहीं निवेश नहीं किया गया है। बाद में वह मोबाइल बंदकर भाग गया। उनके झांसे में आकर निवेशकों ने कंपनी में 3 करोड़ 22 लाख रुपए जमा किया था। पुलिस ने संजय डे की रिपोर्ट पर धर्मेश कुमार ध्रुर्वे, यतीन्द्र ध्रुर्वे, हषिता शर्मा के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



#### किसने कितना रकम निवेश किया

संजय डे ने 24 लाख 50 हजार, कैलास देवांगन ने 10 लाख, रितेश दामले ने 15 लाख, सोमा डे ने 23 लाख 60 हजार, कुमारी आर्ची डे ने 20 लाख, चित्रकांत साहू ने 40 लाख, सारांश देवागन ने 67 लाख, असीम रंजन साहा ने 7 लाख 50 हजार, अभिमन्यू विश्वकर्मा ने 54 लाख, मंजू पटेल से 25 लाख, अंकना घोष से 5 लाख 50 हजार, पल्लव धर ने 19 लाख 50 हजार, दानिश अंसारी ने 10 लाख 50 हजार रुपए निवेश किया था।

#### रिटायर्ड बैक अधिकारी से 1लाख 43 हजार की ठगी

तारबाहर पुलिस के अनुसार, विनोबानगर में रहने वाले रिटायर्ड बैंक अधिकारी पेंशन की राशि आने वाले बैंक खाते में क्रेडिट कार्ड लेने के लिए अप्लाई किए थे। इसी दौरान उनके पास अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया ओर उन्हें आनलाइन एक फार्म भरने को कहा गया। उन्होने फार्म भरने से मना कर दिया। उसके बाद भी उनके बैंक खाते से 1 लाख 43 हजार रुपए दूसरे के बैंक खाते में ट्रांसफर हो गया है। साइबर सेल की मदद से मात्र 22 हजार रुपए होल्ड करा लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की 318, 4 व 66 आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## ई एक्स बीट में हर महीने 15 फीसदी मुनाफे का झांसा, 2 करोड़ की ठगी

ई एक्स बीट कंपनी में निवेश करने पर मोटी रकम मुनाफा कमाने का झांसा देकर 2 करोड़ रुपए ठगी कर ली गई। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में राऊरकेला निवासी मनोज शर्मा पिता वशिष्ठ शर्मा उम्र 37 वर्ष और रायपुर निवासी पप्पू कुमार पिता विश्वनाथ राम उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

सिटी कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि राजनांदगांव डोंगरगांव सेवतापारा निवासी व्यवसायी लोकेश्वर साहू पिता सुभेराम साहू 43 साल व उनके परिचित राजिम निवासी गोपेंद्र साहू यू बिट ट्रेडिंग कंपनी से जुड़े थे। यहां पप्पू कुमार सिंह और हेमंत कुमार ठाकुर एजेंट थे। पहले निवेश करने पर कुछ मुनाफा मिल रहा था। एजेंटों ने उन्हें नई कंपनी ई एक्स बिट के बारे में जानकारी दी। जिसका संचालन रामबिलास पटेल करता था।

#### नए निवेशकों को जोड़ने पर कमीशन

कंपनी के संचालक और एजेंट ने हर महीन 15 प्रतिशत मुनाफा और नए निवेशकों को जोड़ने पर दो से सात प्रतिशत कमीशन देने का लालच दिया।



इसी दौरान पप्पू सिंह ने पुलिस को बताया कि ई एक्स बिट कंपनी का संचालक राम बिलास पटेल बेबीलोन होटल रायपुर आने वाला है। एजेंटों ने उन्हें होटल में संचालक से मिलवाया। संचालक पटेल ने उन्हें एजेंटों के द्वारा बताए गए कंपनी के लाभ के बारे में बताया। उनकी बातों में आकर उन्होंने शिव टाकिज चौक स्थित जीत होटल में 13 जनवरी 2025 को एक मीटिंग की। जिसमें उनका दोस्त गोपेन्द्र साहू, मोहित वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, रमेश कुमार साहू, संतोष कुमार साहू भी थे। उनकी बातों में आकर लोकेश्वर सिंह ने 1 लाख रुपए फिर-अलग अलग किश्तों में 1.25 लाख रुपए जमा किए। इसी तरह अलग अलग होटलों में उनके द्वारा कुल 25 लाख 75 हजार रुपए एजेंटों को दिया गया है। उनके मित्र गोपेन्द्र साहू ने भी 45 लाख रुपए निवेश किया है।

#### अपने परिचितों से भी निवेश करा दिया

एजेंटों की बातों में आकर लोकेश्वर साहू ने अपने परिचितों से निवेश करा दिया। इस तरह से कुल 2 करोड़ 1 लाख रुपए निवेश कराया गया था। कुछ समय तक सभी को लाभ देने के बाद कंपनी का संचालक और एजेंट भाग गए और मोबाइल बंद कर दिया। पीड़ितों के द्वारा खोजबीन की गई। नहीं मिलने पर उन्हें ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। पुलिस ने लोकेश्वर सिंह की रिपोर्ट पर रामबिलास पटेल कंपनी के संचालक हेमंत सिंह ठाकुर, पप्पू सिंह ठाकुर, मनोज कुमार शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

## हाईकोर्ट ने पूछा-अधिकारियों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पेंडीडीह बाइपास में होटल और दुकानों पर वाहनों के जमावड़े पर भी कार्रवाई के निर्देश

सड़कों पर आवारा पशुओं के मामले में पेश जनहित याचिका पर मंगलवार को चीफ जस्टिस की डीविजन बेंच ने सुनवाई करते हुए मुख्य सचिव को शपथपत्र में यह बताने के निर्देश दिए हैं कि, जिम्मेदार अफसरों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है। पेंडीडीह बाइपास में होटल और दुकानों पर वाहनों के जमावड़े पर आपत्ति करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

इससे पहले संजय रजक ने एडवोकेट सुनील ओट्वानी के माध्यम से एक जनहित याचिका दायर की थी। इसमे कहा गया था कि, मुख्य मार्गों और शहर की आम सड़कों पर पशुओं को खुला छोड़ दिया जाता है इनकी वजह से कई बार दुर्घटना हो जाती है। नेशनल हाइवे



सड़कों पर आवारा पशुओं का मामला

पर सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति होती है। यहां अन्धकार में सड़कों पर बैठे जानवरों से बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें मवेशियों के साथ ही लोगों की भी मौत हुई है। इस पर सरकार का कोई नियन्त्रण ही नहीं है। इस पर रोकथाम के लिए भी कुछ नहीं किया गया है। प्रकरण में पहले सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने सारे नगर निगमों के अधिकारियों को तलब किया था। पूर्व में हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने आवारा मवेशियों की संख्या पूछते हुए यह निर्देश भी दिया कि शासन मवेशियों को हटाने के लिए चरवाहों का इंतजाम करे और जवाबदार मालिकों पर पेनाल्टी लगाए।

#### नगर पंचायत रतनपुर भी बनेगा पक्षकार

इसी जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पेंडीडीह बायपास पर होटलों और दुकानों के बाहर वाहनों की भीड़ को लेकर भी कोर्ट ने प्रशासन से जवाब तलब किया। मंगलवार को कोर्ट ने शासन से यह पूछा कि पहले जब बायपास रोड और एनएच पर वाहनों के बेतरतीब जमावड़े पर कार्रवाई का जो निर्देश दिया गया था उस पर जवाबदार अफसरों ने अब तक क्या किया है। इसके बाद आज चीफ जस्टिस ने मुख्य सचिव को शपथपत्र पर यह बताने के निर्देश दिए कि, जिम्मेदार अफसरों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार कोर्ट ने रतनपुर रोड पर मवेशियों का जमावड़ा होने के कारण वाहनों की चपेट में आकर उनकी मौत होने पर नगर पंचायत रतनपुर को भी इस याचिका में पक्षकार बनाने के निर्देश दिए।

---

## चखना दुकानों पर कार्रवाई, गंदगी प्लास्टिक उपयोग पर 2 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 7 जोन क्षेत्रों में एक साथ की गई कार्रवाई

शहर में संचालित सभी अहाता दुकानों पर नगर निगम ने आज एक साथ धावा बोला। शराब दुकानों पर स्थित अहाता सेंटर में गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने पर नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए अहाता दुकानों से 2 लाख 9 हजार 500 रुपए जुर्माना वसूला।

दरअसल शहर में संचालित देशी एवं विदेशी शराब की दुकानों में अहाता सेंटर भी संचालित है,जहां बड़ी संख्या में शराब प्रेमी पहुंचते है। इन दुकानों में स्वच्छता का लेकर लापरवाही बरती जा रही



है,संचालकों द्वारा फूड वेस्ट समेत अन्य अपशिष्ट पदार्थों को सड़क और आसपास फेंक दिया जाता है इसके अलावा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का भी बड़ी मात्रा में उपयोग किया जाता रहा है। इन सब अनियमितताओं पर कार्रवाई करते हुए आज निगम ने शहर के अहाता सेंटरों पर पहुंचकर कार्रवाई किया।

### चेन पुलिंग करने वालों पर 4 लाख जुर्माना

**बिलासपुर।** ट्रेन में बिना किसी कारण अलार्म चेन पुलिंग करने वाले यात्रियों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 4 लाख से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया है। रेल प्रशासन ने ट्रेन के हर कोच में आपातकालीन परिस्थिति में यात्रियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए अलार्म चेन पुलिंग की सुविधा देकर रखी है, जिसका उपयोग करने पर चालक तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक देते हैं। इसका कई यात्री और असामाजिक तत्व गलत उपयोग करते हुए हजारों की संख्या में सफर करने वाले यात्रियों को परेशान करते हैं। मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के निर्देश पर बिलासपुर रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर अलार्म चेन पुलिंग का सही उपयोग करने और यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे के अनुसार मंडल के विभिन्न स्टेशन और आउटर क्षेत्रों में अलार्म चेन का दुरुपयोग करने के 1052 मामले दर्ज किए गए हैं।

## डबरी में गिरने से 100 वर्षीया वृद्धा की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नए घर से पुराना घर जा रही वृद्धा रास्ते में फिसल कर डबरी में गिर गई जिससे पानी में डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

ग्राम कोल्डीहा निवासी बुनी कुजूर पति स्व. लोआ कुजूर (100 वर्ष) मंगलवार को अपने नए घर में आई थी। दोपहर को अकेले पैदल गांव के पुराने घर जा रही थी। इसी दौरान जैसे ही वृद्धा डबरी स्थित रास्ते के समीप पहुंची तभी फिसल कर डबरी में गिर गई जिससे पानी में डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी तब लगी जब डबरी के समीप निवासी रंगिया पंडो ने वृद्धा की लाश डबरी में देख घटना की सूचना डायल 112 को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतिका की पहचान कराई तो पता चला की वह बुनी कुजूर है। मामले में पुलिस ने आज मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। मवेशी चराकर घर लौट रहे ग्रामीण को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पटना थाना अंतर्गत ग्राम सोरगा निवासी पुरषोत्तम सिंह आ.स्व. बुलचू सिंह (56 वर्ष) 17 अगस्त की सुबह मवेशियों को चराने गया था।

## स्कूटी की डिक्की से 70 हजार रुपए चोरी, दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मल्टीलेवल पार्किंग से स्कूटी की डिक्की का लाक तोड़कर 70 हजार रुपए चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



कोतवाली पुलिस के अनुसार, मोपका कृष्ण नगर निवासी व्यापारी बलराम वर्मा पिता गणेश वर्मा 36 साल 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी को 70 हजार रुपए पेमेंट मिलने पर स्कूटी में रकम रखकर कोतवाली थाना परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में अपनी स्कूटी खड़े कर दर्शन करने के लिए खाटू श्याम मंदिर चले गए। दर्शन करने बाद वापस आए तो डिक्की खुली मिली उसमें रखे 70 हजार रुपए चोरी हो गई थी। उन्होंने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पार्किंग में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो दो युवक डिक्की खोलते नजर आए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टीआई देवेश सिंह राठौर, गोकूल जांगड़े राहुल जगत, अमित सिंह ने पतासाजी कर रविशंकर गुप्ता पिता गौरीशंकर राजकिशोरगर परशुराम चौक, जितेन्द्र वैष्णव पिता नर्मदा प्रसाद श्यामनगर लिंगियाडीह निवासी को पकड़कर 70 हजार रुपए बरामद कर लिया गया है। चोरी करने के बाद दोनों युवक 35 - 35 हजार रुपए आपस में बांट लिए थे। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

पैर हुआ फ्रैक्चर, निजी अस्पताल में चल रहा उपचार, बलरामपुर के शंकरगढ़ का मामला

# कक्षा में बात करने पर प्रधान पाठक ने बच्ची को डंडे से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक प्रधान पाठक ने कक्षा दूसरी की छात्रा की डंडे से पिटाई कर दी। इस मारपीट में छात्रा का पैर फ्रैक्चर हो गया है। पैर फ्रैक्चर होने के बाद छात्रा को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। इधर इस मामले की शिकायत के बाद डीईओ बलरामपुर ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारी जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रहे है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत गाम जगिमा-पटना निवासी शिव कुमार यादव की पुत्री ललिता यादव



कंजिया प्राथमिक शाला में कक्षा 2 री की छात्रा है। पांच दिनों पूर्व कक्षा में दूसरे बच्चों से बातचीत करने पर प्रधान पाठक हेरालुयुस टोप्पो नाराज हो गये और आक्रोशित होकर उन्होंने बच्ची ललिता के पैर डंडे से मारा। मारपीट से छात्रा के पैर में तेज दर्द होने के साथ ही रात होते होते सूजन हो गया और वह चल फिर नहीं पा रही थी। बताया जा रहा है कि घटना के बाद बच्ची की तबियत बिगड़ गई जिसके बाद बच्ची के पिता ने मामले की जानकारी सरपंच व एनी ग्रामीणों को दी। गांव में घटना को लेकर पंचायत बुलाई गई जिसमें प्रधान पाठक को भी बैठक में बुलाया गया था। जहां यह तय किया गया कि प्रधान पाठक बच्ची के उपचार का खर्च वहन करेंगे। इस निर्णय पर प्रधान पाठक ने भी हामी भरी थी।

#### शिक्षक ने नहीं दिया खर्च

बच्ची को उपचार के पीएचसी शंकरगढ़ में भर्ती कराया गया था जहां से बच्ची को अंबिकापुर रिफर कर दिया गया था। परिजन द्वारा बच्ची को संजीवनी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां एक्स रे जांच में उसके पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। बच्ची का उपचार विगत तीन चार दिनों से जारी है। इधर बच्ची के पिता शिव कुमार यादव का कहना है कि अब तक उपचार में 10 हजार रुपए से अधिक खर्च हो चुके है। प्रधान पाठक ने खर्च वहन करने का वादा किया था इसलिए उन्होंने कहीं शिकायत दर्ज नहीं कराई।

#### चल रही है जांच

घटना की जानकारी मिली है। मामले में जांच शुरू कर दी गई है और जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**-डीएन मिश्रा**, डीईओ सूरजपुर

## नर्सरी के समीप मिला अधेड़ का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्राम पंचायत केवटाली से सत्यनगर मार्ग स्थित नर्सरी के समीप अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने सुबह 8 बजे नर्सरी के बगल में शव को देख घटना की सूचना पुलिस को दी। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल से कुछ दूर मुख्य मार्ग पर मृतक का सायकल वहीं मृतक के हाथ में चोट के निशान पाए गए है।

भटगांव थाना प्रभारी सरफराज फिरदौस ने बताया कि नर्सरी के समीप अधेड का शव मिलने की सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक का शिनाख्त कराने पर पता चला कि मृतक रमेश देवांगन (50 वर्ष) सोमवार को जूना करकोली से अपने ससुराल सत्यनगर आया था( उसकी पत्नी राखी में अपने मायके आई हुई थी संभावना है वह उसको लेने आया था। शाम को अपने घर जूना करकोली जाने के लिए साइकिल से निकला था जिसका सुबह रास्ते में केवटाली नर्सरी के समीप शव मिला। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है। पीएम के लिए भटगांव भेजा गया है। प्रथम दृष्टि में मामला अत्यधिक शराब पीने, गिरने या हत्या इन सभी पहलू पर जांच की जा रही है। मृतक के सिर और हाथ में चोट के निशान पाए गए है।

पीएम रिपोर्ट या शॉर्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## खबर संक्षेप



### एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं राष्ट्रीय एकता पर्व कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 कुसमुंडा में एक भारत श्रेष्ठ भारत और राष्ट्रीय एकता पर्व के अंतर्गत आयोजन संपन्न हुआ। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 एसईसीएल कुसमुंडा में एक भारत श्रेष्ठ भारत और राष्ट्रीय एकता पर्व के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं संकुल स्तर पर आयोजित की गई। इस आयोजन के मुख्य अतिथि एस ई सी एल – कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एसटी पाटिल थे। विशेष अतिथि प्राचार्य योगेश गुप्ता एवं उपप्राचार्य बी केरकेट्टा थे। विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमें समूह नृत्य, एकल नृत्य, नाटक, पारंपरिक कहानी वाचन, वाद्य यंत्र वादन, एकल नृत्य, एकल गान, समूह गान, चित्रकला, मूर्ति कला, आदि प्रतियोगिता द्वारा विद्यार्थियों ने अपनी अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम में श्रीमती रितु अंतिल, श्री रोशन, श्रीमती परमजीत, श्रीमती नीलम, सुश्री श्वेता, श्रीमती वैशाली, श्रीमती रमा, सुश्री अंकिता, श्रीमती निकिता, केसी साहू, श्री रोहित, श्री राजेश, श्रीमती ममता, श्रीमती सरिता, सुश्री भव्या उपस्थित रहे।

### खलारीपारा में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत नोनबिर्रा के आश्रित ग्राम खल्लारी पारा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, विशिष्ट अतिथि पाली जनपद के अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा शोभा जगत, डॉ रामकुमार श्रीवास, कार्यक्रम के अध्यक्षता ग्राम सरपंच श्रीमती पुष्प लता गोपाल ने किया। कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में मटका फोड़ का आयोजन में प्रोत्साहन राशि प्रथम द्वितीय तृतीय विजेता टीम को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के प्रोत्साहन राशि दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल ने कहा कि मटका फोड़ एक मनोरंजन मात्र नहीं है हमें अपने जीवन में सत्य धर्म और सकारात्मक कार्य का पालन करना चाहिए जन्माष्टमी केवल एक त्यौहार नहीं बल्कि धर्मशास्त्र और भक्ति का प्रतीक है इस पावन दिन पर हमें श्री कृष्ण के आदर्शों को अपनाकर जीवन को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लेना चाहिए इस दौरान मटका फोड़ कार्यक्रम में ग्रामवासी सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**कोरबा।** मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत केन्द्रीय रेशम बोर्ड रेशम तकनीकी सेवा केंद्र द्वारा सोमवार 18 अगस्त को ग्राम सलोरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें अधिकांश महिलाएँ थीं। कार्यक्रम में बीएस भंडारी, सहायक संचालक, रेशम, कोरबा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को नई तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित किया तथा विभाग द्वारा हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का मुख्य फोकस तसर रेशम धागा निर्माण एवं गुणवत्ता सुधार पर रहा। कार्यक्रम में श्री अशोक कुमार वैज्ञानिक-बी ने प्रतिभागियों को कोकून की खरीद, ग्रेडिंग, भंडारण, छंटाई, कोसा उबालने, रीलिंग तथा कताई के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। डॉ. हेमलाल साहू, वरिष्ठ तकनीकी सहायक ने सिल्क समग्र-2 योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसमें केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से 90 प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर बुनियाद रीलिंग मशीन एवं मोटराइज्ड स्पिनिंग मशीन का व्यवहारिक प्रदर्शन भी कराया गया।

## निधन

### श्रीमती नीलम चौबे



**बरपाली।** शिक्षक ईश्वर चौबे की धर्म पत्नी और आशीष चौबे व आशुतोष चौबे की मां श्रीमती नीलम चौबे का मंगलवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गईं हैं। उनका अंतिम संस्कार 20 अगस्त को सुबह 9 बजे बरपाली स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## मनरेगा के 30 अमृत सरोवर से ही हो रही है फसलों की सिंचाई

# पानी नहीं ठहरने के कारण 60 से अधिक अमृत सरोवर गर्मी के पहले ही सूख जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फसलों की सिंचाई के लिए मनरेगा के तहत तैयार किए गए अमृत सरोवर में अभी भी पानी नहीं ठहरने के कारण उनके आसपास खेती की जाने वाली फसल की सिंचाई नहीं हो पाती। बारिश के 8 माह बाद गर्मी के पहले ही सरोवर सूखने की स्थिति में पहुंच जाते हैं। जिन 30 अमृत सरोवर से फसलों को पानी मिलता है वह पुराने जल स्त्रोत का क्षेत्र है।

**खास बात**

- जिले में 113 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया पूरा

ग्रामीण अंचलों में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए पूर्व से ही तालाबों का निर्माण किया गया है। मनरेगा से भी जिले में तालाब गहरीकरण के साथ नया तालाब के खुदाई का काम किये जाने से तालाबों की संख्या बढ़ी थी। इन तालाबों में ही 113 अमृत सरोवर हैं जो केंद्र सरकार के योजना के तहत तैयार किए गए थे। इनका मुख्य उद्देश्य तालाब में बारिश के पानी को संग्रहित करना और सिंचाई के लिए उपयोग किया जाना था। बीते पांच वर्ष पूर्व तेजी से अमृत सरोवर तैयार करने का काम किया गया। इसमें तकनीकी त्रुटि के कारण ऐसे स्थानों में सरोवर का निर्माण किया गया। जहां की मिट्टी में पानी ठहरने की क्षमता नहीं थी। परिणाम स्वरूप बारिश के समय तो ऐसे सरोवर में पानी रहता है लेकिन गर्मी के पूर्व ही जब पानी की आवश्यकता किसानों को होती है उस दौरान पर्याप्त मात्रा में ऐसे सरोवर से पानी नहीं मिलता। गर्मी में स्थिति यह हो जाती है कि सरोवर सूख जाते हैं जिनके वजह से अमृत सरोवर के आसपास होने वाली खेती को पानी नहीं मिलने के कारण किसान खेती भी नहीं करते।



फाइल फोटो

### तकनीकी सहायकों ने भी निर्माण के पूर्व नहीं किया निरीक्षण

मनरेगा के सभी विकासखंड मुख्यालय में तकनीकी सहायक की नियुक्ति भी है जिनके द्वारा किसी भी निर्माझा कार्य का अवलोकन कर ले आउट तैयार किया जाता है। ऐसे में अमृत सरोवर जिन स्थानों में तैयार किया गया वहां पानी का लो लाइन एरिया था या नहीं इसके अलावा उस क्षेत्र की मिट्टी पानी रोकने वाली है या नहीं ऐसे दो प्रमुख तकनीकी कारणों का पता किए बिना सरोवर के निर्माण करा दिए गए हैं। तकनीकी सहायकों ने अपने अपने ब्लॉक में बनाए गए अमृत सरोवर निर्माण के पूर्व केवल भौतिक निरीक्षण किया था। तकनीकी रुप से इन दो बिंदुओं पर जांच नहीं की गई।

### खदान क्षेत्र के समीप सफल नहीं हुए सरोवर

विकासखंड पाली एवं कटघोरा तथा कोरबा एरिया में संचालित खदानों के आसपास के ग्राम पंचायतों में भी अमृत सरोवर का निर्माण किया गया था लेकिन जल स्त्रोत नीचे होने के कारण इन क्षेत्रों में अमृत सरोवर योजना सफल नहीं हो सकी। सराईपाली पाली में बुड़बुड़ खदान, कटघोरा में एसईसीएल खदान तथा कोरबा ब्लॉक में ग्राम पंचायत रजगामार के आसपास के पंचायतों में अमृत सरोवर बनाए गए थे। जो पानी नहीं ठहरने के कारण सिंचाई के लिए काम नहीं आ सके। इनके अलावा मुख्यमार्गों के किनारे में सरोवर का निर्माण किया गया था। वहां भी वाहनों के आवागमन के कारण पानी नहीं ठहरने की स्थिति सामने आयी थी।

### मिट्टी नहीं रोक पाती पानी

अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। 30 अमृत सरोवर से सिंचाई हो रही है। इसके अलावा कुछ ऐसे अमृत सरोवर है जहां की मिट्टी में पानी रोकने की क्षमता नहीं है और ऐसे सरोवर 8 माह बाद सूख जाते हैं।

**-संदीप डिक्सेना,** एपीओ

# भाड़ा वृद्धि को लेकर ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति संघ आज से करेगा हड़ताल




प्रेसवार्ता को संबोधित करते ट्रक ट्रेलर सेवा समिति संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति संघ ने भाड़ा वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति संघ व कोल लिफ्टरों के बीच आयोजित बैठक बेनतीजा रही। जिसके बाद संघ ने 20 अगस्त से हड़ताल का ऐलान कर दिया है।

**खास बात**

- ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति संघ की पत्रकार वार्ता

उक्त बातें ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह व अन्य पदाधिकारियो ने मंगलवार को आयोजित बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया तो हड़ताल अनिश्चितकालीन होगा और 20 अगस्त की सुबह 6 बजे से जिले के सभी खदानों में संचालित होने वाले ट्रक ट्रेलरों के पहिये थम जाएंगे और लगभग 2 हजार ट्रकों के पहिये थमते ही कोयला परिवहन भी बुरी तरह से प्रभावित होगा। हमारी समिति में लगभग 3 से 4 हजार ट्रक मालिक पंजीकृत है और जिले में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 10 से 12 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे है जैसे कि पार्ट्स दुकानदार, मैकेनिक, पेट्रोल पंप, वर्कशॉप, टायर आदि शामिल है। वर्ष 2023 से लगातार स्थानीय उद्योगों द्वारा कोयला परिवहन के लिए भाड़ा दरों में कटौती की जा रही है जबकि दूसरी ओर वाहन संचालन से संबंधित सामान जैसे कि पार्ट्स, टायर, डीजल (एचएसडी) आदि की कीमतों में 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक की वृध्दि हुई है। इस स्थिति में हम ट्रक संचालन में भारी आर्थिक घाटा झेल रहे है। ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति ने कई बार उद्योगों से भाड़ा वृद्धि हेतु वार्ता करने का प्रयास किया परंतु कोई समारात्मक परिणाम नही मिला।

# ब्राम्हण समाज के प्रतिभावान बच्चों को आयुक्त ने किया सम्मानित



कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने ब्राम्हण समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया तथा उन्हें अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें और अधिक परिश्रम करने, अपनी प्रतिभा को सही मार्ग व दिशा देने एवं शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों, विधाओं में भी ज्ञान अर्जित करने एवं अपनी प्रतिभा को निखारने हेतु उनका मार्गदर्शन किया। सर्वब्राम्हण समाज कोरबा द्वारा 18 अगस्त सोमवार को कोरबा के पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप स्थित ब्रम्हवाटिका में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थिति प्रदान करते हुए निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया, इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी.उपाध्याय भी उपस्थित थे। सम्मान समारोह के दौरान समाज के ऐसे बच्चों जिन्होने वर्ष 2025 में कक्षा 10वीं, 12वीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए एवं वर्ष 2024 एवं 2025 में पी.एस.सी., आई.आई.टी., आई.आई.एम. तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हुए, को सम्मानित किया गया।

### प्रतिवर्ष 2 निर्धन बच्चों को गोद लेगा समाज

सर्वब्राम्हण समाज के सचिव डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि सर्वब्राम्हण समाज कोरबा द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रतिवर्ष समाज के 2 ऐसे बच्चे जो निर्धन परिवार के होंगे, उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होगी, उन बच्चों को समाज गोद लेगा तथा उनकी शिक्षा-दीक्षा व कैरियर निर्माण आदि में आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा।

# शिक्षाकर्मी भर्ती प्रक्रिया के तहत निलंबित शिक्षकों को बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संघर्षशील निलंबित शिक्षाकर्मी संघ पाली के नरेंद्र राठौर, प्रदीप भास्कर, जितेंद्र वैष्णव सहित अन्य ने कहा कि शिक्षाकर्मी भर्ती 2011 प्रक्रिया के तहत निलंबित शिक्षकों को बहाल किया जाए। वर्ष 2009-10 में जनपद पंचायत पाली में शिक्षाकर्मी वर्ग-3 की नियुक्ति के लिए 5 फरवरी 2011 एवं 7 फरवरी 2011 को काउंसिलिंग आयोजित की गई थी एवं नियुक्ति पत्र जारी किया गया था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता बरते जाने के फलस्वरूप कलेक्टर कोरबा द्वारा दिनांक 6 अप्रैल 2011 को छत्तीसगढ़ पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 85 (1) के तहत भर्ती प्रक्रिया को निलंबित किया गया। जिसके तहत नियुक्ति प्राप्त शिक्षकों को भी निलंबित कर दिया गया। उक्त कार्यवाही के विरुद्ध उनके द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की गई थी। उच्च न्यायालय बिलासपुर के डिवीजन बेंच द्वारा दिनांक 19 जुलाई 2013 को आदेश पारित किया गया, जिसमें निर्णय दिया गया कि कलेक्टर कोरबा द्वारा की गई कार्यवाही उचित है, फिर भी यदि नियम अनुमति देता हो एवं कोई मेरिट लिस्ट उपलब्ध हो और पद रिक्त हो तो प्रशासन गुणदोष के आधार पर नियुक्ति कर सकता है। चूंकि आज तक कोई नियुक्ति या बहाली की कार्यवाही नहीं अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा छ.ग. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को आवेदन दिया गया था। वहां से जांच हेतु पत्र भी आ गया था, परंतु पत्र क्रमांक 816 दिनांक 22 नवंबर 2014 पर कोई कार्यवाही नहीं किया गया। फिर उनके द्वारा वर्ष 2015 में हाईकोर्ट में पुनः अपील की गयी जो इनके झूठे शपथ पत्र के अधार पर खारिज हो गया। इनके द्वारा झूठा हलफनामा तात्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी पाली एमआर कैवर्त द्वारा दिया गया कि कोई चयन सूची जनपद पंचायत पाली द्वारा जारी नहीं किया था। जबकि कोर्ट का निर्णय 22 नवंबर 2023 को आने के पश्चात उन्हें सूचना के अधिकार के तहत चयन सूची जनपद पंचायत पाली द्वारा उपलब्ध करा दिया गया। चूंकि चयन सूची उपलब्ध रहने के बाद भी कोर्ट में झूठा हलफनामा दिया गया जो इनके कार्यप्रणाली पर सवाल उठता है। उनके द्वारा हाईकोर्ट में रिव्यु पिटीसन भी दायर किया गया, लेकिन कोर्ट द्वारा इस पिटीसन को खारिज कर दिया गया। चूंकि चयन सूची उपलब्ध होने के बाद भी उन्हें बहाल नहीं किया गया और 126 अभ्यार्थियों ने स्कूलों में पदभार भी ग्रहण कर लिया था, जो आज तक अपनी बहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

**खास बात**

- संघर्षशील निलंबित शिक्षाकर्मी संघ पाली की प्रेसवार्ता



मीडिया से चर्चा करते निलंबित शिक्षाकर्मी।

### उपसरपंच के निवास में मनी जन्माष्टमी

**हरदीबाजार।** जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नोनबिर्रा में उपसरपंच दुर्गेश यादव के निवास में कृष्ण जन्माष्टमी घुमधाम से मनाया गया। जिसमें परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छोटे छोटे बच्चों के द्वारा मटकीफोड़ में भाग लिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि भैयाराम यादव, पूर्व उप सरपंच श्रीमती लक्ष्मी देवी यादव, राजेंद्र कंवर, सुरेंद्र कंवर,पूर्व सरपंच आत्माराम कंवर, सत्यवान श्रीवास, रणजीत यादव, कुश कोराम, हरनारायण यादव, लाल दास महंत, परभवन सिंह कंवर, गोरेलाल श्रीवास, धनीराम यादव, संजू यादव, दिनेश बैगा, गुल्ला कंवर के अलावा अधिक संख्या में ग्रामवासी, महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।



### श्री सप्तदेव मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



**कोरबा।** श्री सप्तदेव मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। इस वर्ष भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं पर आधारित विभिन्न झांकियां जैसे भगवान का कारागृह मे जन्म, वासुदेव ती द्वारा यमुना नदी पार करना, कृष्ण जी द्वारा राक्षस वकासुर का वध करना, दशावतार, राम सेतु का तैरता पत्थर, कालिया मर्दन, पूतना वध, श्री खाटू श्याम जी का शीश दान एवं अमरनाथ बर्फानी बाबा इत्यादि की झांकी लगाई गयी। मंदिर में बच्चों के लिये श्री कृष्ण बनो प्रतियोगिता काआयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ चढकर हिस्सा लिया। राधा कृष्ण बनो प्रतियोगिता एवं सभी वर्गो में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागियों के भी उत्साह वर्धन हेतु सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

# गणेश उत्सव की तैयारियां तेज, मूर्तियों को दिया जा रहा रुप, सज रहे पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणेश उत्सव की तैयारियां तेज हो गई है। 27 अगस्त को गणपति पूजा है। उससे पहले जिले में मूर्तिकार बप्पा की मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। यहां बंगाली मूर्तिकार परंपरागत तरीके से भगवान गणेश की प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। समितियां पूजा पंडालों को आकर्षक रूप देने में लगी हुई है।

जिले में हर साल पश्चिम बंगाल के मूर्तिकार मूर्ति बनाते हैं। ये कलाकार शहर के आस पास के गांवों में निवास करते हैं। उन्हें मूर्तिकारी की कला पूर्वजों से विरासत में मिली है। इन मूर्तिकारों का कहना है कि वह अपने पूर्वजों के व्यवसाय और कला को जीवित रखने के उद्देश्य से लगातार मूर्तियां बनाने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि वे लोग बीते 20 से 30 वर्षों से इस कला को जीवित रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम पूरे परिवार के साथ मूर्तियों का व्यवसाय कर रहे हैं। इस बार उन्होंने छोटी, बड़ी मूर्तियां बनाई है। इसकी कीमत 500 रुपये से लेकर 15 हजार रुपये प्रति मूर्ति है। यह उनके लिए खुशी की बात है कि वे अपने पैतृक व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे हैं और इस कला को जीवित रखे हुए हैं।



## आयुक्त ने कोसाबाड़ी जोन के विभिन्न स्थलों का किया दौरा

# निहारिका के उजड़े पड़े फलोद्यान को किया जाएगा विकसित व सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोसाबाड़ी जोनांतर्गत निहारिका सुभाष चौक स्थित उजाड़ पड़े फलोद्यान स्थल को विकसित व सुरक्षित किया जाएगा, साथ ही वहां पर सुभाष चौक निहारिका घंटाघर क्षेत्र में पार्किंग स्थल फुटपाथ पर अनियंत्रित रूप से लगने वाले फल आदि के ठेलों को विस्थापित व व्यवस्थित किया जाएगा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने स्थल का निरीक्षण कर उक्त संबंध में तत्काल कार्यवाही करने एवं प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ कोसाबाड़ी जोन के विभिन्न स्थलों का दौरा किया, इस दौरान वे सुभाष चौक स्थित फलोद्यान पहुंचे। उल्लेखनीय है कि फलोद्यान स्थल वर्तमान में उजाड़ पड़ा हुआ है तथा वहाँ पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण की संभावना बनी रहती है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्थल निरीक्षण के पश्चात उक्त सम्पूर्ण फलोद्यान स्थल को प्रीकास्ट बाउण्ड्रीवाल के माध्यम से सुरक्षित करने एवं स्थल को आवश्यकतानुसार विकसित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा इस संबंध में शीघ्र आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। सुभाष चौक निहारिका क्षेत्र व घंटाघर क्षेत्र में फुटपाथ व पार्किंग पर अनियंत्रित रूप से फल ठेले आदि लग रहे हैं, जिनके कारण वाहनों को पार्क करने व आवागमन करने में आमजन को असुविधा होती है, यातायात व्यवस्था बिगड़ती है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने फलोद्यान स्थल को विकसित कर उक्त क्षेत्र में अनियंत्रित रूप से लगने वाले फल ठेलों को वहाँ पर विस्थापित व व्यवस्थित किए जाने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



निरीक्षण करते निगम आयुक्त।

### वर्किंग वूमेन हास्टल तक होगा सड़क का निर्माण

आयुक्त श्री पाण्डेय ने वूमन हास्टल तक पहुंचने हेतु सड़क का निर्माण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी इस मौके पर अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने निहारिका घंटाघर मार्ग स्थित स्मृति उद्यान का निरीक्षण किया। स्मृति उद्यान में प्रातः भ्रमण के लिए आए हुए नागरिकों ने बताया कि उद्यान में स्थापित किए गए ओपनजिम के उपकरण मरम्मत योग्य हैं, उपकरण ठीक से काम नहीं कर रहे, आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपकरणों की मरम्मत करने के साथ ही उद्यान में लगाए गए बच्चों के झूले व खेलकुद के उपकरणों को व्यवस्थित करने कहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिना मुआवजा के...

अपनी जमीन छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इसी को लेकर मंगलवार को ग्राम खोडरी की महिलाएं सीधी सड़क पर उतर आईं। गुस्साई महिलाओं ने वाहनों के सामने खड़े होकर विरोध जताया और साफ कहा कि अपनी जमीन बचाने के लिए वे जान तक देने को तैयार हैं। इस आंदोलन की अगुवाई कर रही हैं शिवकुमारी कंवर जो कि एम.ए. शिक्षित आदिवासी महिला हैं और ग्रामीणों की आवाज़ को मजबूती से उठा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ जमीन की नहीं बल्कि अस्तित्व और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जबरन कब्जा बंद नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। वहीं क्षेत्र में तनाव का माहौल निर्मित है और प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर बिना समाधान और मुआवजा दिए इस तरह से जमीन कब्जाने की कोशिश क्यों हो रही है।

## खबर संक्षेप

### राधेय विद्यापीठ स्कूल झाबर के छात्र का नवोदय विद्यालय में चयन



**दीपका।** राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल झाबर के छात्र शंकर सरदार पिता शिव चरण सरदार ने जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चयनित होकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के संचालक राधेश्याम मनहर द्वारा छात्र शंकर सरदार और उनके परिजनों का प्रतिक चिन्ह और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

### कुसमुण्डा में मनाया गया गुरु बालक दास की 220वीं जयंती



**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति कुसमुंडा के तत्वाधान में सतनाम भवन कुसमुंडा में गत 18 अगस्त को राजा गुरु बालक दास जी की 220वीं जयंती सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि एसएल धैर्य, वरिष्ठ प्रबंधक, एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीआर भास्कर, वरिष्ठ प्रबंधक एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र ने की। विशिष्ट अतिथि केपी पाटले, एचआर ओग्रे एवं भुवनेश्वर दिव्य उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा जय स्तंभ एवं बाबा बालक दास के तैलचित्र पर पूजा अर्चना पश्चात समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार लहरे, उपाध्यक्ष मोतीराम दिवाकर, प्रेमपाल सांडे, हकेश भारती, कुरुराम सोनवानी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। डॉ. सुरेन्द्र कुमार खुंटे ने कहा कि राजा गुरु बालक दास जी ने रावटी प्रथा की शुरुआत कर समाज में सहयोग और एकता की परंपरा को बल दिया। उन्होंने सतनाम सेना की स्थापना कर समाज को आत्मरक्षा एवं संगठन की शक्ति प्रदान की। मुख्य अतिथि एसएल धैर्य ने समारोह की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे समाज की एकता एवं जागरूकता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम को जीआर भास्कर ने भी संबोधित किया।

### एकदिवसीय ध्यान योग एवं सत्संग शिविर का आयोजन



**कोरबा।** बीते दिनों समर्थगुरु धारा मैत्री संघ द्वारा एकदिवसीय ध्यान योग एवं सत्संग शिविर, टॉप इन टाउन होटल में आयोजित किया गया था। आयोजनकर्ता प्रशांत विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में समर्थ गुरु धारा मैत्री संघ बिलासपुर से पहुंचे स्टेट कोऑर्डिनेटर आचार्य संतोष चंद्र एवं आचार्य पीपी सिंह, तथा सूरजपुर से आचार्य भक्ति पूर्णिमा द्वारा योग, ध्यान एवं सत्संग का सत्र लिया गया। प्रथम सत्र में ब्रह्म नाद ध्यान प्रतिभागियों को कराया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि नाद क्या होता है तथा अंतर चेतना एवं अंतर आकाश में विलीन होना सिखाया गया। आचार्य संतोष चंद्र द्वारा सत्संग में बताया गया कि यह एक दिवसीय कार्यक्रम मात्र एक झलक है परमात्मा की। दूसरे सत्र में बिलासपुर से पहुंचे आचार्य पी सिंह द्वारा प्रतिभागियों को कुंडलिनी ध्यान कराया गया। तीसरे एवं अंतिम सत्र में आचार्य में भक्ति पूर्णिमा द्वारा प्रतिभागियों को कीर्तन ध्यान कराया गया।

### सांसद प्रतिनिधि ने कर्मचारियों के हित में सांसद को लिखा पत्र



**कोरबा।** कोल इंडिया लिमिटेड में कर्मचारियों का सेवानिवृत्ति को 60 की जगह 62 करते हुए 2 वर्ष बढ़ाई बढ़ाने सांसद को पत्र लिखा गया है। कारण कोल इंडिया लिमिटेड में कर्मचारियों की संख्या दिनों दिन कम होती जा रही है, पूर्व में कोल इंडिया लिमिटेड की श्रम शक्ति लगभग 7 लाख हुआ करती थी, एवं उत्पादन एकदम कम था, आज उत्पादन लगभग 450 मिलियन टन हो रहा है एवं कर्मचारियों की संख्या लगभग दो लाख पच्चीस हजार है। आज उत्पादन बढ़ते क्रम पर है एवं श्रम शक्ति इसकी तुलना में कम होते जा रही है। श्रम शक्ति कम होने से कार्य प्रभावित हो रहा है। पूर्व में कोल इंडिया लिमिटेड के प्रोजेक्ट प्लॉनिंग बनाया गया था, उस समय श्रम शक्ति उत्पादन के अनुसार बढ़ता रहता था। इसी प्रकार वर्ष 2026-27 में श्रम शक्ति और कम हो जाएगा। उक्त सभी समस्यायों को ध्यान में रखते हुए सांसद प्रतिनिधि पोषकदास महंत ने कोल इंडिया लिमिटेड को सेवानिवृत्ति की तिथि 60 वर्ष से 2 वर्ष बढ़ाकर 62 वर्ष करने सांसद को पत्र लिखा है।

---

कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालपुर का मामला, 20 जुलाई से लापता हुई थी विवाहिता

# प्रेमी ने दो साथियों के साथ मिलकर विवाहिता से किया सामूहिक दुष्कर्म, हत्या कर लाश लगाया ठिकाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक विवाहिता के पूर्व प्रेमी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे जंगल ले गए और जंगल में पहले तीनों लोगों ने एक-एक कर दरिंदगी से महिला के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। जब विवाहिता ने उनके कारनामे को उजागर करने की बात कही तो यह बात प्रेमी और उसके साथियों को नागवार गुजरी और उन्होंने विवाहिता के

**खास बात**

- दो आरोपियों के निशानदेही पर गांव के नाले से विवाहिता के नरकंकाल को किया गया बरामद

ही गमछा से उसका गला घोट कर हत्या कर दी और पुलिस के चंगुल से बचने के लिए आरोपियों ने उसके लाश को बोरे में भरकर नाले में ठिकाने लगा दिया था। पुलिस ने लगभग 20 दिनों के लंबे अंतराल के बाद इस अंधेकत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया है और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले विवाहिता के प्रेमी सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है



नरकंकाल बरामद करती पुलिस।

जबकि मामले में फरार आरोपी की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है। मामला जिले के दुरस्थ वनांचल क्षेत्र कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम लालपुर की है। पुलिस के मुताबिक ग्राम लालपुर में निवासरत सविता राजवाड़े 35 वर्ष पति समय लाल 28 जुलाई को अपने घर से सोसाइटी चना शक्कर लेने के लिए सुबह 10 बजे निकली थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी थी। जिसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन की थी। पुलिस के मुताबिक सविता राजवाड़े के पूर्व प्रेमी उसी गांव में निवास करने वाले उमेंद सिंह बछिया उम्र 45 वर्ष ने सविता राजवाड़े को 28 जुलाई को अपने एक अन्य साथी संतराम बिछिया के मोटरसाइकिल में बिठाकर पास के जंगल ले गया था। जहां पूर्व योजनाबद्ध ढंग से उमेंद सिंह बछिया का एक अन्य साथी गुलाब सिंह जंगल मौजूद था। जहां सविता के पूर्व प्रेमी उमेंद सिंह, संतराम और गुलाब तीनों ने मिलकर अलग-अलग सविता के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था। जब सविता ने आरोपियों द्वारा किए गए हरकत की शिकायत पुलिस व ग्रामीणों से करने की बात कही तो उन्होंने आवेश में आकर सविता राजवाड़े के गमछा से ही उसका गला घोटकर हत्या कर दी और उसकी लाश को बोरे में भरकर गांव के समीप स्थित नाले में ठिकाने लगा दिया था। जहां पिछले कई दिनों से पुलिस सविता राजवाड़े की खोजबीन कर रही थी और मामले की तहकीकात करने में जुटी हुई थी इस बीच पुलिस ने सविता राजवाड़े के प्रेमी उमेंद को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की तो उसने अपने साथी संतराम और गुलाब के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या कर उसकी लाश को ठिकाने लगाने की बात कबूल कर ली। पुलिस ने मंगलवार को उमेंद व संतकुमार की निशानदेही पर सविता राजवाड़े के नरकंकाल को नाले से बरामद कर लिया है और मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के साथ तहत पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है जबकि हत्या व बलात्कार के मामले में फरार गुलाब सिंह की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है।

## भतीजे ने ही चाची को उतारा था मौत के घाट, अवैध संबंध बनी परिणिति



कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मानिकपुर के डांघीआमा निवासी 35 वर्षीय नंदबाई की रविवार को मानगुरु के पहाड़ में लाश मिली थी। इस अंधेकत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि मृतका के रिश्ते के भतीजे सुरेंद्र कुमार पोर्ते ने ही उसकी हत्या कर लाश को ठिकाने लगाया था। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नंदबाई उम्र 35 वर्ष और उसके भतीजे सुरेंद्र कुमार पोर्ते उम्र 20 वर्ष के बीच पिछले दो वर्षों से प्रेम संबंध चला आ रहा था। दोनों के बीच कई बार शारीरिक संबंध भी बने। इस बीच संतोष किसी अन्य युवती से प्रेम करने लगा और उससे विवाह करने की तैयारी में था लेकिन यह बात नंदबाई को नागवार गुजरी। उसने संतोष पर दबाव बनाया कि वह उसी के साथ रहे और किसी और से शादी न करे। लगातार दबाव और झगड़े से संतोष तनाव में रहने लगा और उसने अपनी चाची नंदबाई को रास्त से हटाने के लिए मानगुरु के पहाड़ में जाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## नकटीखार के जंगल में युवक की मिली लाश

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नकटीखार के समीप सड़क से किनारे लगे जंगल में एक 25 से 30 वर्षीय युवक की लाश मंगलवार की देर शाम मिली है। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद कुमार व सीन ऑफ क्राइम के अधिकारी कर्मचारियों मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस द्वारा मामले की तहकीकात की जा रही है समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद स्पष्ट होगा कि युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है।



# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी व पुलिस की मुहीम, 4 सौ लीटर महुआ शराब जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त महुआ लाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अवैध शराब के खिलाफ आबकारी व पुलिस विभाग की टीम ने मुहीम छेड़ दी है। एक दिन के भीतर ही दोनों टीम ने अवैध शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही की है। जहां

**खास बात**

- ओएनसी बार पर भी 25 हजार का ठोंका जुर्माना

पुलिस ने लगभग 165 लीटर तो आबकारी की टीम ने 57 लीटर जप्त किया है। जबकि इस महीने में आबकारी की टीम ने अब तक 237 लीटर महुआ शराब जप्त कर 4 सौ लीटर महुआ शराब जप्त किया है और आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने अवैध शराब पर सघन एवं सख्त कार्यवाही करने आबकारी विभाग को निर्देशित किया है। सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह ने जिले में पदस्थ अमले को लगातार कार्यवाही कर अधिकाधिक मात्रा में अवैध शराब जप्त करने टीम का गठन किया है। 17 अगस्त तक 86 आपराधिक प्रकरण जिले में दर्ज किये गये है जिसमें लगभग 237 लीटर अवैध शराब और 240 किलो शराब बनाने का लाहन छापामार कर जप्त किया गया है। 11 आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) के तहत अजमानतीय अपराध दर्ज कर न्यायालय से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल से 17 अगस्त तक 714 आपराधिक प्रकरण जिले में दर्ज किये गये है जिसमें लगभग 3230. 94 लीटर अवैध शराब और 12890 किलो शराब बनाने का लाहन छापामार कर जप्त किया गया है। 111 आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) के तहत अजमानतीय अपराध दर्ज कर न्यायालय से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। इन आपराधिक प्रकरणों में शराब का बाजार मूल्य लगभग 13 लाख रूपये आंका गया है। साथ ही 4.200 किलोग्राम गांजा मूल्य 57 हजार रूपये जप्त कर दो आरोपियों को एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत जेल भेजा गया है। मंगलवार को आबकारी विभाग की टीम ने करतला थाना क्षेत्र के सेंद्रीपाली में एक संयुक्त टीम ने छापामारी की कार्यवाही की जहां सेन्द्रीपाली निवासी अंगद खांडे से के कब्जे से 25 लीटर हाथ भट्ठी शराब एम 140 किलो लाहन तथा रमेश कुमार निवासी सेन्द्रीपाली से 10 लीटर हाथ भट्ठी शराब एक अन्य प्रकरण में सा. अमापली निवासी शंकर खड़िया से 22 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। उक्त आरोपीयों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय जेएमएफसी कोरबा में पेश कर न्यायिक रिमांड में जेल दाखिल किया गया। दूसरी ओर जिले में संचालित शॉपिंग मॉल रेस्टोरेंट बार वन नाईट क्लब टी.पी. नगर में 21 जुलाई को प्रभारी अधिकारी आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त-कोरबा शहर द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान बार के उपस्थित अभिकर्ता द्वारा 2 बोतल (650 मि.ली.) बडवाइजर मेग्नम बियर को पार्सल के रूप में विक्रय किये जाने के कारण एफ.एल. उक्त शॉपिंग मॉल रेस्टोरेंट बार अनुज्ञप्ति के लायसेंस शर्त क्रमांक 3 का उल्लंघन करते पाये जाने पर विभाग द्वारा विभागीय प्रकरण कायम किया गया, जिस पर कलेक्टर द्वारा 25 हजार का शास्ति अधिरोपित किया गया है।

## 24 घंटे के भीतर 4 आरोपियों से 165 लीटर शराब जब्त की पुलिस ने

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध विशेष मुहीम चलाई जा रही है। इस दौरान पिछले 24 घंटों में थाना कटघोरा, उरगा, दीपका एवं पाली क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए कुल 165 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। इस कार्यवाही में कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए एवं 4 आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपियों में ग्राम चिह्नभाठा चूड़ीकला निवासी सुंद देवांगन, ग्राम सिल्ली निवासी समारू यादव, पिता – विदेशी यादव, साजापानी निवासी पप्पू कुमार चौहान, पिता स्व. टेकराम, सिकरीखुर्द निवासी प्रीति मरकाम, पिता शिवबाल मरकाम शामिल हैं। जिनके कब्जे से कुल 165 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। इसी तरह दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें पाली रोड दीपका निवासी सुजीत कुमार सिंह उम्र 33 वर्ष पिता रामेश्वर सिंह, ज्योति नगर दीपका निवासी दीनानाथ यादव उम्र 45 वर्ष पिता दद्दन यादव, देवव्रत साहू उम्र 30 वर्ष पिता बाबूलाल साहू, छेदीलाल डाकुआ उम्र 45 वर्ष पिता ईश्वरी लाल, शांति नगर दीपका निवासी बजरंग सोनी उम्र 22 वर्ष पिता स्वर्गीय जमुना प्रसाद सोनी, सुभाष नगर दीपका निवासी मनोज कुमार पांडे उम्र 40 वर्ष पिता मोहन पांडे, ग्राम सरकी खुर्द निवासी प्रीति मरकाम उम्र 24 वर्ष पिता शिवलाल मरकाम को गिरफ्तार किया है।

## दो ट्रकों में हुई आमने सामने भिड़ंत, दोनों चालक घायल

**कोरबा।** कोरबा-कुसमुंडा मुख्य मार्ग पर सर्वमंगला पुल के निकट सोमवार की रात दो ट्रकों के बीच आमने-सामने भिडंत हो जाने से जहां केबिन परखच्चे उड़ गए, वहीं वाहन चालकों को गंभीर चोटें आई, जिन्हें सर्वमंगला पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया है। जानकारी के अनुसार कोरबा-कुसमुंडा मार्ग में सर्वमंगला पुल को पार करते ही सर्वमंगला चौकी प्रवेश द्वार के ठीक सामने ही बीते सोमवार की रात तकरीबन 11 बजे दो ट्रक में भीषण भिड़ंत हो गई। जिसमें से एक ट्रेलर सीजी 10 बीओ 0487 राताखार की ओर से आ रही थी और दूसरी हाइवा ट्रक सीजी 11 बीई 6201 कुसमुंडा की ओर से कोरबा जा रही थी। इसी दौरान तकरीबन रात के 11 बजे सर्वमंगला पुल से ठीक पहले सर्वमंगला चौकी जाने वाले प्रवेश द्वार के ठीक सामने दोनो ट्रकों में सीधी टक्कर हो गई जिसमें ट्रक के दोनो ही चालकों को गंभीर चोट लगी है। घटना की सूचना पर सर्वमंगला पुलिस ने दोनों की वाहनों के चालकों को अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। इस हादसे में ट्रक के केबिन के परखच्चे उड़ गए।

# दूसरे दिन भी जारी रहा संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का दूसरे दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहा। अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को भी छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले घंटाघर

**खास बात**

- जिला अस्पताल सहित, पीएचसी, सीएचसी में मरीजों को हो रही परेशानी

चौक पर धरना प्रदर्शन किया। संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है।

जिले में पदस्थ 7 सौ से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारी पिछले दो दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल पर जाने के कारण सबसे ज्यादा प्रभाव प्राथमिक और उपस्वास्थ्य केंद्रों में पड़ा है जहां कि पूरी जिम्मेदारी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं पर रहती है। उनके हड़ताल पर जाने से प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार के लिए आने वाली महिला मरीजों को ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ा है। जिले में 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा 70 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 212 उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं। इनके अलावा मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्र के स्लम बस्तियों में स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं जहां स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रुप में एनएचएम की महिला स्वास्थ्य कर्मी की पदस्थापना की गई है। जननी सुरक्षा कार्यक्रम से लेकर टीकाकरण सहित अन्य सभी कार्यक्रम इन्हीं महिला स्वास्थ्य कर्मियों के भरोसे संचालित होते हैं। हड़ताल पर जाने से आंगनबाड़ी केंद्रों में चलने वाला टीकाकरण भी प्रभावित हो रहा है। वहीं उपचार के लिए अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला मेडिकल कालेज अस्पताल में भी कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है। अस्पताल के एनआरसी में भी सन्नाटा पसरा हुआ है। अगर लंबे समय तक स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल पर रहे तो जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं पर खासा असर देखने को मिलेगा।

# अशोक वाटिका में निःशुल्क रहेगा मार्निंग वाक व योगा


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के द्वारा आमजन के हित में दिए गए निर्देश का त्वरित पालन करते हुए कोरबा जिला अरबन पब्लिक सोसायटी के द्वारा अशोक वाटिका में निःशुल्क मार्निंग वाक एवं योगा केन्द्र की सुविधा बहाल कर दी गई है, अब आमजन प्रातः 5 बजे से 9 बजे तक अशोक वाटिका में इस निःशुल्क सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि कोरबा का सबसे बड़ा उद्यान अशोक वाटिका में प्रतिदिन लगभग 500 से ज्यादा नागरिक मार्निंग वाक योगा व स्वास्थ्य लाभ के लिए पहुंचते हैं, उक्त अशोक वाटिका संचालन संधारण कोरबा जिला अरबन पब्लिक सोसायटी के द्वारा कराया जा रहा है, संचालन संधारण के मद्देनजर सोसायटी द्वारा पूर्व में प्रवेश शुल्क का निर्धारण कराया गया था। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आमजन के हित को देखते हुए अशोक वाटिका में मार्निंग वाक करने वालों व योगा प्राणायाम एवं स्वास्थ्य लाभ संबंधी करने वाले आमनागरिकों के लिए अशोक वाटिका में निःशुल्क प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, सोसायटी द्वारा निर्देशों का त्वरित पालन करते हुए अब प्रातः 5 बजे से 9 बजे तक मार्निंग वाक योगा प्राणायाम की निःशुल्क सुविधा बहाल कर दी गई है।

## अव्यवस्था पर आयुक्त ने जताई नाराजगी

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सुभाष चौक स्थित सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण किया, शौचालय में पानी पर्याप्त उपलब्धता न होने एवं साफ-सफाई का अभाव पाए जाने पर उन्होंने वहां के केयरटेकर को फटकार लगाई तथा उस पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए। सार्वजनिक शौचालय के बगल में रिक्त स्थल पर केयरटेकर के द्वारा किए अतिक्रमण व अवैध कब्जा को तत्काल हटाने कहा है।




# शिक्षिका के तबादले पर ग्रामीणों ने किया हंगामा, वापस लाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखंड करतला के ग्राम अजरगबहाल के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अजरगबहाल में पदस्थ उद्योग शिक्षक नलिनी कांता साहू का तबादला निरस्त किया जाए और उन्हें पुनः पदस्थ किया जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि नलिनी कांता साहू बच्चों को तकनीकी शिक्षा के तहत बिजली बनाने का काम सिखाते थे, जिससे बच्चे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रहे थे। वे नियमित, कुशल और जिम्मेदार शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे थे। ग्रामीणों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शिक्षक के जाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और मनोबल भी टूट गया है। आरोप लगाया गया है कि प्रधानाचार्य द्वारा गलत जानकारी भेजकर उनका स्थानांतरण कराया गया और गलत तरीके से उन्हें मिडिल स्कूल भेजा गया है। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि जब मिडिल स्कूल अजरगबहाल में पद रिक्त था तो उन्हें वहां पदस्थ न कर दूसरे विद्यालय भेज दिया गया। ग्रामवासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि नलिनी कांता साहू का तबादला रद्द कर उन्हें वापस अजरगबहाल स्कूल में पदस्थ किया जाए।

